Haryana Government Gazette

EXTRAORDINARY

Published by Authority

© Govt. of Haryana

No. 128–2022/Ext.] CHANDIGARH, MONDAY, JULY 18, 2022 (ASADHA 27, 1944 SAKA)

हरियाणा सरकार

आबकारी तथा कराधान विभाग

अधिसूचना

दिनांक 18 जुलाई, 2022

संख्या 40/जीएसटी–2.– हरियाणा माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 19) की धारा 9 की उप–धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, हरियाणा सरकार, आबकारी तथा कराधान विभाग, अधिसूचना संख्या 48/एसटी–2, दिनांक 30 जून, 2017 में, निम्नलिखित संशोधन करते हैं, अर्थात् :–

संशोधन

हरियाणा सरकार, आबकारी तथा कराधान विभाग, अधिसूचना संख्या 48/एसटी–2, दिनांक 30 जून, 2017 में, सारणी में,–

(1) क्रम संख्या 1 के सामने, खाना (2) के नीचे,–

(क) "जिसने 6 प्रतिशत की दर से राज्य कर का भुगतान नहीं किया है," शब्दों, अंक तथा चिह्न का लोप किया जाएगा;

(ख) परंतुक के बाद, निम्नलिखित परंतुक को रखा जाएगा, अर्थात्:–

"परंतु यह और कि इस प्रविष्टि में दी गई कोई भी बात, वहां लागू नहीं होगी,– जहां:–

(i) आपूर्तिकर्ता ने हरियाणा माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के अंतर्गत पंजीकरण कराया हो और फॉरवर्ड चार्ज के तहत अपने द्वारा आपूर्त किए गए माल के परिवहन के संबंध में जीटीए की सेवाओं पर कर का भुगतान करने के विकल्प का प्रयोग किया हो; और

(ii) आपूर्तिकर्ता ने प्राप्तकर्ता को लागू दरों पर राज्य कर लगा कर बीजक जारी किया हो और अपने द्वारा जारी ऐसे बीजक के बारे में अनुबंध III में यथा विहित घोषणा की हो।;

(2) क्रम संख्या 5 के सामने, खाना (2) में, उप–खण्ड (2) में, विद्यमान मद (i) के स्थान पर, ''(i) डाक विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाएं" मद प्रतिस्थापित की जायेगी।

(3) क्रम संख्या 5क और उससे संबंधित प्रविष्टियों के बाद, निम्नलिखित क्रम संख्या और प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात्:–

(1)	(2)	(3)	(4)
''5कक	किसी पंजीकृत व्यक्ति को आवासीय भवनों को किराए पर देने के माध्यम से दी गई सेवा।	कोई भी व्यक्ति	कोई भी पंजीकृत व्यक्ति।;

(4) अनुबंध II के बाद, निम्नलिखित अनुबंध को रखा जाएगा, अर्थात:–

"अनुबंध III

घोषणा

मैंने/हमने हरियाणा माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के तहत पंजीकरण करा लिया है और फॉरवर्ड चार्ज के तहत वित्तीय वर्ष ––––– के दौरान अपने द्वारा आपूर्ति किए गए माल के परिवहन के संबंध में जीटीए की सेवाओं पर कर के भुगतान के विकल्प का प्रयोग किया है।"।

2. यह अधिसूचना 18 जुलाई, 2022 से लागू होगी।

अनुराग रस्तोगी,
अपर मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार,
आबकारी तथा कराधान विभाग।

HARYANA GOVERNMENT

EXCISE AND TAXATION DEPARTMENT

Notification

The 18th July, 2022

No. 40/GST-2.— In exercise of the powers conferred by sub-section (3) of section 9 of the Haryana Goods and Services Tax Act, 2017 (19 of 2017), the Governor of Haryana, on being satisfied that it is necessary in the public interest so to do, on the recommendations of the Council, hereby makes the following amendments in the Haryana Government, Excise and Taxation Department, notification No. 48/ST-2, dated the 30th June, 2017, namely:-

AMENDMENT

In the Haryana Government, Excise and Taxation Department, notification No. 48/ST-2, dated the 30th June, 2017, in the Table, -

(1) against serial number 1, under column (2), -

(a) the words, figures and symbols "who has not paid state tax at the rate of 6%," shall be omitted;

(b) after the proviso, the following proviso shall be inserted, namely: -

"Provided further that nothing contained in this entry shall apply where, -

(i) the supplier has taken registration under the Haryana Goods and Services Tax Act, 2017 and exercised the option to pay tax on the services of Goods Transport Agency in relation to transport of goods supplied by him under forward charge; and

(ii) the supplier has issued a tax invoice to the recipient charging State Tax at the applicable rates and has made a declaration as prescribed in Annexure III on such invoice issued by him.";

(2) against serial number 5, under column (2), in the sub-clause (2), in item (i), the words "by way of speed post, express parcel post, life insurance, and agency services provided to a person other than Central Government, State Government or Union territory or local authority"shall be omitted;

(3) after serial number 5A and entries relating thereto, the following serial number and entries shall be inserted, namely: -

(1)	(2)	(3)	(4)
"5AA	Service by way of renting of residential dwelling to a registered person.	Any person	Any registered person.";

(4) after Annexure II, the following annexure shall be inserted, namely: -

"Annexure III

Declaration

I/we have taken registration under the Haryana Goods and Services Tax Act, 2017 and have exercised the option to pay tax on services of Goods Transport Agency in relation to transport of goods supplied by us during the Financial Year _____ under forward charge.".

2. This notification shall come into force with effect from the 18th July,2022.

ANURAG RASTOGI,
Additional Chief Secretary to Government Haryana,
Excise and Taxation Department.

9747—C.S.—H.G.P. Pkl.